**BOOKLET NO.** 993

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

***TBC : AKG-APCC-HINDI***

**TEST BOOKLET SERIES**

**A**

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

## *INSTRUCTIONS*

1. **IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.**
2. **ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES A, B, C OR D AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write **anything** else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose **ONLY ONE** response for each item.
5. You have to mark all your responses ONLY on the separate Answer Sheet provided. No erasing/correction fluid is allowed.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    **THERE WILL BE PENALTY (NEGATIVE MARKING) FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**
    (*i*) There are four alternatives for the answers to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-fourth (0.25)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (*ii*) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answer happen to be correct and there will be same penalty as above for that question.
    (*iii*) If a question is left blank i.e. no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.
11. Use and carrying of Mobile Phone and Electronic Gadget is prohibited in the Examination Hall.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

1. ''जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है''—कथन किस हिंदी आलोचक का है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) नगेन्द्र

(D) नन्ददुलारे वाजपेयी

2. 'कल्पना दो प्रकार की होती हैं—विधायक और ग्राहक। कवि में विधायक कल्पना अपेक्षित होती है और श्रोता या पाठक में अधिकतर ग्राहक।' —किस हिंदी आलोचक का मत है ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) नन्ददुलारे वाजपेयी

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

3. अचिंत्यभेदाभेदवाद के प्रवर्तक आचार्य हैं :

(A) वल्लभाचार्य

(B) निम्बार्क

(C) विट्ठलनाथ

(D) महाप्रभु चैतन्य

4. अद्वैतवाद के प्रवर्तक आचार्य हैं :

(A) मध्वाचार्य

(B) वल्लभाचार्य

(C) रामानुजाचार्य

(D) शंकराचार्य

5. 'ब्रह्म माया सम्बन्ध से रहित होने के कारण शुद्ध है। कारणरूप और कार्यरूप, दोनों प्रकार से ब्रह्म शुद्ध है, मायिक नहीं।'—कहने वाले प्रथम आचार्य हैं :

(A) रामानंद

(B) मध्वाचार्य

(C) शंकराचार्य

(D) वल्लभाचार्य

6. निम्न में से अष्टछाप के कवियों में शामिल **नहीं** हैं :

(A) गोविन्ददास

(B) हितहरिवंश

(C) छीतस्वामी

(D) चतुर्भुजदास

7. निम्नलिखित में से अन्योक्तिग्रंथ **नहीं** है :

(A) भामिनी विलास

(B) गाथा सप्तशती

(C) कुमारपाल प्रतिबोध

(D) साहित्य दर्पण

8. 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता हैं :

(A) वामन

(B) अभिनवगुप्त

(C) भरतमुनि

(D) रुद्रट

9. निम्नलिखित में से नाट्य के प्रमुख अंगों में शामिल **नहीं** है :

(A) वस्तु-तत्व

(B) अभिनय

(C) ध्वनि

(D) रस

10. रस-सिद्धांत विरोधी आचार्य हैं :

(A) लोल्लट

(B) शंकुक

(C) रुद्रभट्ट

(D) भामह

11. 'काव्य-कौतुक' के रचनाकार हैं :

(A) भट्टनायक

(B) भट्टतोत

(C) कुंतक

(D) अभिनवगुप्त

12. भरतमुनि के रस-सूत्र के आधार पर रस की व्याख्या करने वाले आचार्यों का **सही** क्रम है :

(A) भट्ट लोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनवगुप्त

(B) शंकुक, भट्ट लोल्लट, अभिनवगुप्त, भट्टनायक

(C) भट्ट लोल्लट, भट्टनायक, शंकुक, अभिनवगुप्त

(D) भट्टनायक, भट्ट लोल्लट, अभिनवगुप्त, शंकुक

13. लोकभाषा को 'अपभ्रंश' नाम न देकर 'देशभाषा' कहने वाले विद्वान हैं :

(A) भरतमुनि

(B) भामह

(C) देवसेन

(D) बाण

14. 'दब्ब-सहाव-पयास' नामक ग्रन्थ के रचयिता हैं :

(A) हेमचन्द्र

(B) देवसेन

(C) विद्‌याधर

(D) जैनाचार्य मेरुतुंग

15. हिंदी साहित्य के आरंभिक काल को 'चारण काल' कहने वाले आलोचक हैं :

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) रामशंकर शुक्ल रसाल

(C) रामकुमार वर्मा

(D) राहुल सांकृत्यायन

16. "राज्याश्रित कवि और चारण जिस प्रकार नीति, शृंगार आदि के फुटकल दोहे राजसभाओं में सुनाया करते थे, ठीक उसी प्रकार अपने आश्रयदाता राजाओं के पराक्रमपूर्ण चरितों या गाथाओं का वर्णन भी किया करते थे।" यह किसका कथन है ?

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) रामकुमार वर्मा

(D) राहुल सांकृत्यायन

17. 'बालचंद बिज्जावई भाषा। दुहु नहिं लग्गइ दुज्जन हासा।' काव्य-पंक्ति के रचयिता हैं :

(A) हेमचंद्र

(B) जैनाचार्य मेरुतुंग

(C) विद्‌याधर

(D) विद्‌यापति

18. रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'भोजप्रबन्ध' के ढंग का ग्रंथ है :

(A) 'शारंगधर पद्धति'

(B) 'प्राकृत-पिंगल-सूत्र'

(C) 'प्रबंध चिंतामणि'

(D) 'कुमारपाल प्रतिबोध'

19. 'मेरा जोबना नवेलरा भयो है गुलाल।
कैसे गर दीनीबकस गोरी माल।'
—काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(A) अमीर खुसरो

(B) कबीर

(C) दादू दयाल

(D) विद्यापति

20. 'परमात्मप्रकाश' के रचनाकार हैं :

(A) महेश्वर सूरि

(B) सोमप्रभ सूरि

(C) योगीन्द्रदेव

(D) हरिभद्र

21. श्री संप्रदाय के प्रवर्तक हैं :

(A) रामानंद

(B) रामानुजाचार्य

(C) मध्वाचार्य

(D) वल्लभाचार्य

22. दादू के शिष्यों में सतनामी संप्रदाय चलाने वाले थे :

(A) रज्जब

(B) जगन्नाथ

(C) सुन्दरदास

(D) जगजीवन साहब

23. 'उक्ति व्यक्ति प्रकरण' के रचयिता हैं :

(A) दामोदर भट्ट

(B) हेमचन्द्र

(C) गोविन्दचन्द्र

(D) विद्यापति

24. चंदबरदाई को हिंदी भाषा का आदि कवि कहने वाले आलोचक हैं :

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) रामकुमार वर्मा

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) नन्ददुलारे वाजपेयी

25. 'पृथ्वीराजरासो' के अध्यायों का नाम है :

(A) सर्ग

(B) प्रकरण

(C) समय

(D) अध्याय

26. सिद्धों में 'सरोजवज्र' के नाम से भी जाना जाता है :

(A) कण्हपा

(B) शबरीपा

(C) लुहिपा

(D) सरहपा

27. जन्म-काल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का **सही** अनुक्रम है :

(A) कबीर, सूरदास, जायसी, तुलसीदास

(B) सूरदास, कबीर, तुलसीदास, जायसी

(C) जायसी, कबीर, सूरदास, तुलसीदास

(D) कबीर, तुलसीदास, सूरदास, जायसी

28. 'धर्म की भावनात्मक अनुभूति या भक्ति जिसका सूत्रपात महाभारत काल में और विस्तृत प्रवर्तन पुरंकाल में हुआ था, कभी कहीं दबती, कभी कहीं उभरती, किसी प्रकार चली आ रही थी।' भक्ति के विकास के बारे में उपर्युक्त विचार किस आलोचक के हैं ?

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन

(B) मिश्र बंधु

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

29. "प्रेम स्वरूप ईश्वर को सामने रखकर भक्त कवियों ने हिन्दुओं और मुसलमानों दोनों को मनुष्य के सामान्य रूप में दिखाया और भेदभाव के दृश्यों को हटाकर पीछे कर दिया।" यह किस आलोचक ने कहा है ?

(A) गार्साद तासी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) रामकुमार वर्मा

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

30. 'सुफल जन्म मोको गुरु कीना।

दु:ख बिसर सुख अंतर दीना।

ज्ञान दान मोको गुरु दीना।

राम नाम बिन जीवन हीना।'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) नामदेव

(B) कबीर

(C) दादू

(D) रविदास

31. 'जब हम होते तब तू नाहीं,

अब तू ही मैं नाहीं।

अतल अगम जैसे लहरि मइ उदधि,

जल केवल जल माहीं।'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(A) कबीरदास

(B) रविदास

(C) नामदेव

(D) कुंभनदास

32. 'ज्ञानबोध' के रचयिता हैं :

(A) सुन्दरदास

(B) मलूकदास

(C) कासिमशाह

(D) अक्षर अनन्य

33. 'निर्गुण-पंथ के संतों के सम्बन्ध में यह अच्छी तरह समझ रखना चाहिए कि उनमें कोई दार्शनिक व्यवस्था दिखाने का प्रयत्न व्यर्थ है। उस पर द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैत आदि का आरोप करके वर्गीकरण करना दार्शनिक पद्धति की अनभिज्ञता ही प्रकट करेगा।' ये पंक्तियाँ किस आलोचक ने कही हैं ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) जॉर्ज ग्रियर्सन

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) परसुराम चतुर्वेदी

34. 'मृगावती' के रचनाकार हैं :

(A) कुतुबन

(B) मंझन

(C) जायसी

(D) उसमान

35. 'चित्रावली' के रचनाकार हैं :

(A) मंझन

(B) कासिमशाह

(C) उसमान

(D) कुतुबन

36. 'आखिरी कलाम' में किस मुगल बादशाह की प्रशंसा की गयी है ?

(A) बाबर

(B) हुमायूँ

(C) अकबर

(D) जहाँगीर

37. 'बरुनी का बरनौ इमि बनी।

साधे बाण जानु दुई अनी।

उन बानन्ह अस को जो न मारा।

बेधि रहा सगरौ संसारा।'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(A) तुलसीदास

(B) कबीरदास

(C) जायसी

(D) नूर मुहम्मद

38. 'गिरा अर्थ जल बीच सम, कहियत भिन्न, न भिन्न।

बंदौ सीताराम पद, जिनहिं परम प्रिय खिन्न।'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(A) तुलसीदास

(B) कबीरदास

(C) केशवदास

(D) रहीमदास

39. निम्नलिखित में से कौनसी रचना स्वामी अग्रदास की **नहीं** है ?

(A) हितोपदेश

(B) ध्यानमंजरी

(C) रामध्यानमंजरी

(D) छंदावली

40. 'भक्तमाल' में रामानंदजी के शिष्यों की संख्या बताई गयी है :

(A) 10

(B) 11

(C) 12

(D) 14

41. 'उत्तम पद कवि गंग के, कविता को बलबीर।
केशव अर्थ गंभीर को, सूर तीन गुण धीर।'

उपर्युक्त दोहा किस कवि की स्मृति में कहा गया है ?

(A) केशवदास

(B) सूरदास

(C) गंग कवि

(D) तुलसीदास

42. 'है हरि भजन को परवान।
नीच पावै ऊँच पदवी, बाजते नीशान।
भजन को परताप ऐसों, जल तारे पाषाण।'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की लिखी हैं ?

(A) सूरदास

(B) नन्ददास

(C) बिहारी

(D) क्षीतस्वामी

43. 'आवत जात पनहियाँ टूटी, बिसर गयो हरि नाम।
जिनको मुख देखे दु:ख उपजत, तिनको करिबे परी सलाम।'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) भलूकदास

(B) कुंभनदास

(C) धर्मदास

(D) तुलसीदास

44. 'प्रेमवाटिका' के रचनाकार हैं :

(A) ध्रुवदास

(B) स्वामी हरिदास

(C) रसखान

(D) मीराबाई

45. 'हनुमन्नाटक' के रचयिता हैं :

(A) केशवदास

(B) तुलसीदास

(C) स्वामी अग्रदास

(D) नाभादास

46. 'नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल।

अली कली ही सों बंध्यो, आगे कौन हवाल।'

—यह दोहा किस राजा को लक्षित करके लिखा गया था ?

(A) महाराज जसवंत सिंह

(B) महाराज जयसिंह

(C) महाराज रामसिंह

(D) महाराज भावसिंह

47. 'ललित ललाम' का वर्ण्य विषय है :

(A) रस

(B) छंद

(C) नीति

(D) अलंकार

48. निम्नलिखित में से कौनसा महाकवि भूषण का भाई है ?

(A) चिंतामणि

(B) देव

(C) बिहारी

(D) सोमनाथ

49. 'अमिय हलाहल मदभरे, सेत स्याम रतनार।

जियत, मरत, झुकि परत, जेहि चितवत इक बार।'

उपर्युक्त दोहा किस कवि का है ?

(A) बिहारी

(B) आलम

(C) मतिराम

(D) रसलीन

50. रामचंद्र शुक्ल के अनुसार ब्रजभाषा गद्य का प्रारंभिक नमूना कब प्राप्त होता है ?

(A) संवत 1400

(B) संवत 1680

(C) संवत 1700

(D) संवत 1800

51. निम्नलिखित में से कौनसी उपभाषा या बोली पश्चिमी हिंदी में **नहीं** है ?

(A) बांगरू

(B) कन्नौजी

(C) बुन्देली

(D) बघेली

52. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का **सही** अनुक्रम है :

(A) भूषण, देव, घनानंद, बिहारी

(B) देव, घनानंद, बिहारी, भूषण

(C) घनानंद, बिहारी, भूषण, देव

(D) बिहारी, भूषण, देव, घनानंद

53. हिंदी में स्वरों की संख्या है :

(A) 9

(B) 10

(C) 11

(D) 14

54. 'पतलून' शब्द किस भाषा का है :

(A) तुर्की

(B) अंग्रेजी

(C) फारसी

(D) अरबी

55. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ प्रकाशित होता है, उसे कहते हैं :

(A) विशेषण

(B) क्रिया-विशेषण

(C) क्रिया

(D) कारक

56. स्पर्श व्यंजनों के कितने वर्ग होते हैं ?

(A) 2

(B) 5

(C) 4

(D) 7

57. 'लघु मानव के बहाने हिंदी कविता पर एक बहस'—के लेखक हैं :

(A) अज्ञेय

(B) मलयज

(C) विजयदेवनारायण साही

(D) लक्ष्मीकान्त शर्मा

58. निम्नलिखित में से कौनसी रचना अज्ञेय की **नहीं** है ?

(A) महावृक्ष के नीचे

(B) आत्मा की आँखें

(C) बावरा अहेरी

(D) चिंता

59. आचार्य शुक्ल के अनुसार तुलसीदास के ग्रंथों की संख्या है :

(A) 5

(B) 10

(C) 12

(D) 7

60. 'परीक्षागुरु' के रचनाकार हैं :

(A) लाला श्रीनिवासदास

(B) ठाकुर जगमोहन सिंह

(C) देवकीनंदन खत्री

(D) इंशा अल्ला खां

61. 'भारत सौभाग्य' नाटक के लेखक हैं :

(A) उपाध्याय बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन'

(B) प्रताप नारायण मिश्र

(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(D) बालकृष्ण भट्ट

62. 'मुद्राराक्षस' नाटक के लेखक हैं :

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) लाला श्रीनिवासदास

(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(D) उपाध्याय बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन'

63. निम्नलिखित में से कौनसा नाटक प्रताप नारायण मिश्र द्वारा लिखित **नहीं** है ?

(A) कलिकौतुक

(B) भारत दुर्दशा

(C) संगीत शाकुंतल

(D) दमयंती स्वयंवर

64. 'प्रणयिनीपरिणय' उपन्यास के लेखक हैं :

(A) देवकीनंदन खत्री

(B) किशोरीलाल गोस्वामी

(C) मेहता लज्जाराम शर्मा

(D) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

65. 'सम्पत्तिशास्त्र' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) राजा लक्ष्मण सिंह

(B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) श्रीधर पाठक

66. 'उदन्त मार्तंड' का प्रकाशन कलकत्ता से किस वर्ष आरम्भ हुआ ?

(A) सन् 1825 ई.

(B) सन् 1826 ई.

(C) सन् 1827 ई.

(D) सन् 1828 ई.

67. प्रकाशन वर्ष के अनुसार मैथिलीशरण गुप्त की निम्नलिखित रचनाओं का **सही** अनुक्रम है :

(A) भारत भारती, साकेत, पंचवटी, यशोधरा

(B) साकेत, भारत भारती, यशोधरा, पंचवटी

(C) पंचवटी, यशोधरा, भारत भारती, साकेत

(D) भारत भारती, पंचवटी, साकेत, यशोधरा

68. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का **सही** अनुक्रम है :

(A) हिंडोला, जयद्रथ वध, प्रियप्रवास, हिमतरंगिणी

(B) जयद्रथ वध, हिंडोला, प्रियप्रवास, हिमतरंगिणी

(C) प्रियप्रवास, जयद्रथ वध, हिमतरंगिणी, हिंडोला

(D) हिमतरंगिणी, हिंडोला, प्रियप्रवास, जयद्रथ वध

69. 'उपन्यासों से भी प्रचुर विकास हिंदी में छोटी कहानियों का हुआ है। कहानियाँ बहुत तरह की लिखी गयीं; उनके अनेक प्रकार के रूप रंग प्रकट हुए। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि उपन्यास और छोटी कहानी दोनों के ढाँचे हमने पश्चिम से लिए हैं। हैं भी ये ढाँचे बड़े सुन्दर।' ये विचार किस आलोचक के हैं ?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) रामविलास शर्मा

70. 'चार डग हमने भरे तो क्या किया।
है पड़ा मैदान कोसों का अभी..
मौलवी ऐसा न होगा एक भी।
खूब उर्दू जो न होवे जानता..'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(A) रामनरेश त्रिपाठी

(B) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(C) ठाकुर जगमोहन सिंह

(D) मैथिलीशरण गुप्त

71. 'सावधान, मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, ताज कर मोह, स्मृति के पार।'

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(A) हरिवंशराय बच्चन

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) रामधारीसिंह दिनकर

(D) स. ही. वा. अज्ञेय

72. 'बाहर बाहर जाते जाते
अब तो यह मन खाली है
पर इसने तो जा जाकर
पगडंडी एक बना ली है'।

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

(B) कुंवर नारायण

(C) रघुवीर सहाय

(D) नागार्जुन

73. 'यह दीप अकेला स्नेह भरा

है गर्व भरा मदमाता, पर

इसको भी पंक्ति को दे दो।'

उपर्युक्त काव्य–पंक्तियाँ अज्ञेय के किस काव्य–संकलन से हैं ?

(A) बावरा अहेरी

(B) हरी घास पर क्षण भर

(C) इत्यलम

(D) इंद्रधनु रौंदे हुए ये

74. 'मेरी जीवन यात्रा' के लेखक हैं :

(A) अज्ञेय

(B) राहुल सांकृत्यायन

(C) बाबू गुलाबराय

(D) प्रेमचंद

75. रमानाथ प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है ?

(A) गबन

(B) कर्मभूमि

(C) रंगभूमि

(D) प्रेमाश्रम

76. 'कामायनी : एक पुनर्विचार' के लेखक हैं :

(A) नन्ददुलारे वाजपेयी

(B) मुक्तिबोध

(C) रामविलास शर्मा

(D) नामवर सिंह

77. 'सुखमय जीवन' कहानी के लेखक हैं :

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) जैनेन्द्र कुमार

78. जैनेन्द्र कुमार के उपन्यासों का **सही** अनुक्रम है :

(A) परख, सुनीता, कल्याणी, त्यागपत्र

(B) सुनीता, परख, कल्याणी, त्यागपत्र

(C) त्यागपत्र, सुनीता, परख, कल्याणी

(D) परख, सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी

79. निम्नलिखित में से कौनसा उपन्यास फणीश्वरनाथ रेणु का **नहीं** है ?

(A) परती परिकथा

(B) दीर्घतपा

(C) मंगलसूत्र

(D) जुलूस

80. 'चेतना के बिम्ब' पुस्तक के रचनाकार हैं :

(A) नगेन्द्र

(B) अज्ञेय

(C) शिवदान सिंह चौहान

(D) रांगेय राघव

81. चम्बा रियासत के किस राजा ने अपनी राजधानी पांगणा में बनाई थी ?

(A) मुशान वर्मन

(B) साहिल वर्मन

(C) मेरू वर्मन

(D) सोम वर्मन

82. निम्नलिखित रियासतों में कौनसी मूल कांगड़ा रियासत की शाखा **नहीं** है ?

(A) कुटलैहड़

(B) नूरपुर

(C) हण्डूर

(D) बड़ा बंगाहल

83. बिजली महादेव मन्दिर हि. प्र. के किस जिले में है ?

(A) मण्डी

(B) कुल्लू

(C) किन्नौर

(D) शिमला

84. **राजपूत पेंटिंग** नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) एम. एस. रंधावा

(B) बी. एन. गोस्वामी

(C) आनन्दकुमार

(D) मुल्कराज आनन्द

85. हरियाली तृतीय और चिड़न आदि त्योहार कब मनाया जाता है ?

(A) श्रावण मास की संक्रांति

(B) भादों मास की पूर्णमासी

(C) भादों मास की संक्रांति

(D) फाल्गुन मास की पूर्णिमा

86. हि. प्र. सरकार की 24–10–1994 की अधिसूचना के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसी जाति 'अन्य पिछड़ी श्रेणी' (ओ.बी.सी.) में **नहीं** आती है ?

(A) सरेड़ा

(B) धीवर

(C) गडरिया

(D) हजाम

87. बीसवीं सदी के प्रारम्भ में शिमला की कौनसी इमारत सेना के कमांडर–इन–चीफ का निवास थी ?

(A) रेड रूफ

(B) पीटरहाफ

(C) गार्टन कैसिल

(D) रिट्रीट

88. हि. प्र. पावर कार्पोरेशन के अधीन कौनसी जल–विद्युत परियोजना अन्वेक्षित स्टेज पर है ?

(A) शांग टांग कड़छम

(B) साबड़ा कुडकू

(C) चिढ़गांव मझगांव

(D) केशांग

89. निम्नलिखित में कौनसा प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में हि. प्र. सरकार की नीतियों के उदेश्यों में शामिल **नहीं** है ?

(A) प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वजनीकरण

(B) प्रारम्भिक शिक्षा को सब तक पहुँचाना

(C) प्रारम्भिक शिक्षा के स्तर पर गणित और विज्ञान पर जोर

(D) प्रारम्भिक शिक्षा को गुणवत्ता प्रदान करना

90. हि. प्र. में निम्नलिखित में से किन विभागों के गांव स्तर पर कार्यरत कर्मियों को अपने क्षेत्र की ग्राम सभा की बैठकों में उपस्थित रहना अनिवार्य है ?

(A) बागवानी

(B) पशुपालन

(C) वन

(D) बिजली

91. भारतीय उच्चतम न्यायालय की पाँच सदस्यी बैंच द्वारा 22 अगस्त को दिये गये निर्णय में किन दो न्यायाधीशों ने तीन तलाक को असंवैधानिक **नहीं** माना ?

(A) जस्टिस खेहर और जस्टिस यू.यू. ललित

(B) जस्टिस नरीमन और जस्टिस कुरियन जोसफ

(C) जस्टिस कुरियन जोसफ और जस्टिस अब्दुल नजीर

(D) जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस खेहर

92. निम्नलिखित में से किसने भारतीय कार्पोरेट सेक्टर में धन का जनतन्त्रीकरण और दान की संस्कृति का विचार प्रस्तुत किया ?

(A) एन. आर. नारायणमूर्ती

(B) विशाल सिक्का

(C) रवि वेंकाटेसन

(D) प्रवीण राव

93. गुरमीत राम रहीम सिंह के अनुयायियों को अक्सर क्या कहकर पुकारा जाता है ?

(A) भक्त

(B) प्रेमी

(C) साधक

(D) मित्र

94. आठ अगस्त 2017 को गुजरात में हुए राज्य सभा की तीन सीटों के चुनाव से कुछ दिन पहले कितने कांग्रेस के विधायक बी.जे.पी. में शामिल हो गये थे ?

(A) दो

(B) तीन

(C) पाँच

(D) छः

95. वस्तु और सेवा कर कानून कब लागू हुआ ?

(A) एक अप्रेल, 2017

(B) एक मई, 2017

(C) एक जून, 2017

(D) एक जुलाई, 2017

96. निम्नलिखित में से कौनसा देश जी-20 समूह का सदस्य **नहीं है** ?

(A) तुर्की

(B) इण्डोनेशिया

(C) दक्षिण अफ्रीका

(D) मिस्र

97. इराक के प्रधान मंत्री कौन हैं (अगस्त 2017) ?

(A) हैदर अल अबादी

(B) फारजोने शराफवानी

(C) हुसैन फ्रीदौन

(D) हसन रूहानी

98. शान्ति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले चीन के राजनैतिक बन्दी, जिनकी हाल ही में मृत्यु हुई, कौन थे ?

(A) लुइस इनासियो

(B) जू. पिंग जी

(C) सन यू

(D) लियू शिआबो

99. भारत और वेस्टइण्डीज के मध्य छः जुलाई, 2017 का पांचवाँ अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच जिसमें विराट कोहली ने अविजित 111 रन बनाये, कहाँ खेला गया था ?

(A) किंगस्टन

(B) पोर्ट आफ स्पेन

(C) ट्रिनिडाड

(D) बारबाडोस

100. स्पेन के किस शहर में 17 अगस्त, 2017 को एक ड्राइवर ने अपनी वैन भीड़ में घुसा दी जिसमें लगभग 13 लोग मारे गये ?

(A) मैड्रिड

(B) बार्सिलोना

(C) रिपौल

(D) कैम्बरिल नाटस